हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 22 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

केंद्र सरकार ने चार नए श्रम के संहिताओं को लागू करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य देश के दशकों पुराने श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाना है।

श्रम मंत्रालय ने कल यह घोषणा करते हुए कहा कि वेतन संहिता-2019, औद्योगिक सम्बंध, सहिंता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्यदशा संहिता-2020 लागू हो गई है। ये नए श्रम संहिताएँ देश के कार्यबल के लिए बेहतर वेतन, जन-सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित बनाएंगी।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान ब्रह्मसरोवर पर संध्याकालीन महाआरती में भाग लिया।

महाआरती के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता भारतीय दर्शन की जीवन पद्धति है।

पवित्र ग्रंथ गीता में विश्व की हर समस्या का समाधान निहित है। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। गीता हमें कर्म करने का संदेश देती है। आज हर व्यक्ति को गीता के उपदेशों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का अहम योगदान है। विदेश मंत्रालय के सहयोग से इस वर्ष 50 देशों में गीता महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान ने चार वेद चार ऋषियों के माध्यम से दिए और फिर वेदों का ज्ञान उपनिषदों में आया और यही ज्ञान गीता में भगवान श्री कृष्ण ने दिया है।

****

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में लगाया गया सरस मेला सब को आकर्षित कर रहा है।

मेले में साड़ी का स्टाल लगाने वाले कश्मीरी कारीगर तारिक अहमद ने बताया -

उन्होंने बताया कि -

****

नारायणगढ़ की बनौदी चीनी मिल में गन्ने की पेराई शुरू हो गई है।

कल मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा एसडीएम एवं शुगर मिल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यकारी निदेशक शिवजीत भारती, किसान यूनियनों के प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा यह मिल केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि क्षेत्र के किसानों की उम्मीद, आर्थिक शक्ति और आत्मनिर्भरता का स्रोत है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मिल को लेकर किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लिया है, जिसके परिणामस्वरूप पेराई सत्र शुरू हुआ है। डॉ. पवन सैनी ने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है ।

****

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत द्वारा कल पंचकूला के सेक्टर 15 स्थित पीएम श्री राजकीय मॉडल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से एकता पद यात्रा निकाली गई। पंचकुला के उपमंडल अधिकारी नागरिक चंद्रकांत कटारिया ने पद यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पहले श्री कटारिया ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। श्री कटारिया ने कहा कि अखंड भारत को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए सरदार पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर नारा लेखन व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और उसमें प्रथम व द्वितिय आने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला विंग की उपाध्यक्ष बंतो कटारिया भी मौजूद रहीं।

****

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में कल नारायणगढ़ में भी मेरा युवा भारत द्वारा प्रशासन के सहयोग से एकता मार्च निकला गया।

इस अवसर पर मुख्यतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ पवन सैनी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की विचारधारा और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

****

पलवल पुलिस ने ऑपरेशन ट्रेकडाउन के 15 दोनों में 228 कुख्यात अपराधियों को काबू किया है।

पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने कल एक पत्रकार वार्ता में बताया कि पलवल पुलिस द्वारा काबू किए गए आरोपियों में कई इनामी बदमाश और कुख्यात आरोपी भी शामिल हैं।

****

ऑपरेशन ट्रैकडाउन के दौरान फरीदाबाद पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित 84 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, वहीं अन्य अपराधों में संलिप्त 320 आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि पुलिस ने 16 देसी कट्टे, 14 कारतूस और 2 पिस्तौल भी बरामद किए हैं।

****